दिनांक : 28.05.2025 समय : 07.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार -----

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल रतलाम–नागदा के बीच तीसरी और चौथी रेल लाईन निर्माण को दी मंजूरी।
- केन्द्र सरकार ने 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में की वृद्धि।
- गुना–बैंगलूरू के बीच सीधी ट्रेन सेवा होगी शुरू, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जताया आभार।
- नौतपा में बारिश का सिलसिला जारी, 40 से अधिक जिलों में आंधी–बारिश का अलर्ट।

**कैबिनेट मध्यप्रदेश**

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने आज भारतीय रेल में दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिसमें रतलाम-नागदा के बीच तीसरी और चौथी लाइन का निर्माण शामिल है। दूसरा प्रोजेक्ट महाराष्ट्र में वर्धा-बल्हारशाह के बीच चौथी लाइन है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 3,399 करोड़ रुपए है जिसे 2029 -30 तक पूरा किया जाएगा। ये परियोजनाएं मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम हैं, जो यात्रियों, वस्तुओं और सेवाओं के लिए निर्बाध संपर्क प्रदान करेंगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली मुंबई कॉरिडोर में रतलाम- नागदा एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

इन मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना लगभग 784 गांवों तक संपर्क सुविधा बढ़ाएंगी, जिनकी आबादी लगभग 19.74 लाख है। परियोजनाएं कंटेनर, कोयला, सीमेंट, कृषि वस्तुओं और अन्य सामानों के परिवहन के लिए महत्वपूर्ण मार्गों पर लाइन क्षमता को बढ़ाकर लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ाएँगी।

**कैबिनेट**

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने चौदह खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य-एम.एस.पी. में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में कहा कि सरकार ने विपणन सत्र 2025-

26 के लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है, ताकि किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सके। पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि **रामतिल के लिए आठ सौ बीस रुपये प्रति क्विंटल, रागी के लिए पांच सौ छियानबे रुपये प्रति क्विंटल, कपास के लिए पांच सौ नवासी रुपये प्रति क्विंटल और तिल के लिए पांच सौ उनासी रुपये प्रति क्विंटल** की सिफारिश की गई है। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-67 पर आंध्र प्रदेश में तीन हजार छह सौ 53 करोड रुपये से अधिक की लागत से एक सौ आठ किलोमीटर से अधिक लंबाई के 4-लेन **बडवेल-नेल्लोर गलियारे** के निर्माण को मंजूरी भी दी है। साथ ही मंत्रिमंडल ने वर्ष 2025-26 के लिए संशोधित ब्याज छूट योजना के तहत ब्याज छूट को जारी रखने की मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को सस्ती ब्याज दर पर अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

**मुख्यमंत्री बैतुल**

बैतुल जिले के सारणी में आयोजित स्व सहायता समूह सम्मेलन में आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पांचो विधानसभा के 464 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने लखपति दीदियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में 75 हजार से अधिक की महिलाएं शामिल हुईं।

**सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल**

सीमापार से आतंकवाद के मामले पर पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए विश्वभर में भेजे गये भारत के बहुदलीय प्रतिनिधि मंडलों की यात्रा जारी है। इस दौरान अलग-अलग देशों में नेताओं, सांसदों, बुद्धिजीवियों, मीडिया और नागरिक समाज के साथ यह दल चर्चा कर रह है।

**गुना बेंगलुरु रेल सुविधा**

गुना रेलवे स्टेशन से बेंगलुरु के बीच अब सीधी ट्रेन सेवा शुरू होगी। रेल मंत्रालय ने इस ट्रेन को चलाने की मंजूरी दे दी है। केन्द्रीय संचार मंत्री और गुना सांसद

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इसकी जानकारी साझा करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया है। उन्होंने बताया कि सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल, बेंगलुरु से ग्वालियर वाया गुना के लिए ट्रेन नंबर 11085/11086 के संचालन को स्वीकृति मिल गई है। ट्रेन गुना, अशोकनगर और शिवपुरी के यात्रियों को सीधे बेंगलुरु से जोड़ेगी, जिससे समय और यात्रा खर्च दोनों की बचत होगी।

**प्रधानमंत्री भोपाल**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भोपाल आगमन के लिए तैयारिया जारी है। पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष सुरक्षा व्यवस्था के लिये आदेश जारी किये गये हैं। सुरक्षा व्यवस्था के तहत कार्यक्रम स्थल से 05 किलोमीटर की परिधि में ड्रोन, पैराग्लाइडर, हॉट बैलून एवं अन्य फ्लाईंग ऑब्जेक्ट्स के उड़ान पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध 31 मई शनिवार को सुबह 6 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा।

**खंडवा तीर्थ**

खंडवा जिले का पवित्र तीर्थ स्थल, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर ने आध्यात्मिकता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अनूठा कदम उठाया है। मंदिर ट्रस्ट ने जिला प्रशासन के सहयोग से मंदिर में अर्पित फूलों और बेलपत्रों के पुनर्चक्रण से स्थानीय स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा अगरबत्ती, धूपबत्ती, हवन सामग्री उत्पाद तैयार कर रही हैं। इस बारे में जिला कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया।

**मौसम**

प्रदेश में नौतपा में भी बारिश होने का सिलसिला जारी है। आज इन्दौर और भोपाल में दोपहर बाद से हल्की बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज और कल के लिए 40 से अधिक जिलों में आंधी बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 31 मई तक बारिश का दौर जारी रहेगा। इस बीच कल सर्वाधिक बारिश हाटपिपलिया, हरदा, खाते गॉव और सोनकक्ष में दर्ज की गई। सीहोर जिले में भी कल रात से बारिश हो रही है। इससे क्षेत्र में मूंग की फसल को नुकसान होने की संभावना है।

## समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने आज देवास जिले के हाटपिपलिया में आयोजित तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने यहां 247 करोड़ रूपयों की पेयजल योजना का शुभारंभ किया।
- 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर प्रदेश में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा।
- माध्यमिक शिक्षा मंडल ने मान्यता प्राप्त डीएलएड कालेजों सूची जारी कर दी है। इस बार प्रदेश भर में 709 कालेजों को मान्यता दी गई है।
- प्रदेश मे पहली बार शहडोल जिले में जैविक कचरे से सस्ता पशु आहार बनाने ब्लैक सोल्जर फ्लाई विदेशी मक्खी का पालन किया जाएगा।
- शासकीय कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा में देवी अहिल्या बाई के जीवन और दर्शन विषय पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- जबलपुर रेल मंडल से गुजरने वाली करीब 16 ट्रेनों को निर्माण कार्यो के चलते 1 से 8 जून तक रद्द किया गया है और दो ट्रेनों के रुट में परिवर्तन किया गया है।
- नर्मदापुरम के सोहागपुर विकासखंड में जल गंगा सर्वधन अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं।
- गर्मियों की छुट्टियों में भीड़ को देखते रेलवे प्रशासन ने सिकंदराबाद–रीवा समर स्पेशन ट्रेन को 30 जून तक बढ़ाने का फैसला किया है।